राष्ट्रीय डेटा एवं विश्लेषिकी मंच

राष्ट्रीय डेटा एवं विश्लेषिकी मंच (National Data and Analytics Platform- NDAP) के माध्यम से भारत सरकार एक समृद्ध डेटा पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को सक्षम कर नए रोडमैप तैयार कर रही है।

राष्ट्रीय डेटा एवं विश्लेषिकी मंच:

- **परिचय:**
  - मई 2022 में नीति आयोग ने मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोग से NDAP नामक एक परिवर्तनकारी ओपन डेटा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।
  - यह **केंद्र और राज्य सरकार की संस्थाओं से** उपयोगकर्त्ताओं को उनके अनुकूल इंटरफेस एवं प्रभावशाली एनालिटिक्स के साथ मशीन-पठनीय प्रारूपों में **मूलभूत डेटासेट** प्रदान करता है।
  - यह प्लेटफॉर्म **विविध डेटासेट को सरकार से जोड़ने के लिये अत्याधुनिक तरीकों** का उपयोग करता है और एक साथ कई प्रकार के डेटा के उपयोग में **सक्षम** बनाता है।
  - NDAP के लक्षित उपयोगकर्त्ताओं में नीति निर्माता, सिविल सेवक, विश्वविद्यालय के छात्र और शोधकर्त्ता, पत्रकार, नवप्रवर्तक एवं नागरिक समाज समूह सम्मिलित हैं।
  - फरवरी 2023 तक **NDAP 15 क्षेत्रों और 46 मंत्रालयों से 885 डेटासेट आयोजित करेगा।**
- **उद्देश्य:**
  - इसे **उन मुद्दों को हल करने के लिये** तैयार किया गया है **जो वर्तमान में सरकारी डेटा के उपयोग को सीमित करते हैं**, NDAP से पूर्व, विविध डेटा उपयोगकर्त्ताओं पर व्यापक शोध किया गया था ताकि सरकारी डेटा की उनकी मांग, इसे प्रभावी ढंग से उपयोग करने के कौशल और ऐसा करने में आने वाली चुनौतियों पर ध्यान आकृष्ट किया जा सके।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-data-and-analytics-platform